

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक113 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 08 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## प्रकृति भी राममय बनाने का प्रयास हो – शिप्रा

सिवनी यशो:- अयोध्या से राम नाम का संकल्प लेकर 27 नवंबर को निकलीं वाटर वूमेन शिप्रा पाठक

### वाटर वूमेन की पदयात्रा पहुँची कुरई, स्थानीयजनों ने किया पूर्ण श्रद्धा से स्वागत

की राम जानकी वन गमन पद यात्रा रविवार को सिवनी से निकलकर कुरई पहुंची। यात्रा के साथ समाजसेवी एवं भाजपा नेता नरेन्द्र टांक अपने परिवार एवं स्नेहीजनों के साथ शिप्रा पाठक एवं यात्रा में साथ चल रहे यात्रियों के साथ कुरई तक शामिल होंगे। यात्रा के मार्ग में शिप्रा का जगह जगह स्वागत हुआ एवं कुरई में बड़ी सं या में उपस्थित महिलाओं ने भगवान राम के प्रति अगाध श्रद्धा भाव एवं सामाजिक चेतना के लिये पद यात्रा कर रही वाटर वूमेन शिप्रा का अभिनंदन एवं चरण वंदन किया गया। शिप्रा के कुरई पहुँचने पर स्थानयी जनों ने



आत्मीय स्वागत किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने पदयात्रा पहुँचने के पूर्व शिप्रा सहित पदयात्रा में चल रहे उनके सहयोगियों के विश्राम की व्यवस्थाएँ की रविवार को रात्रि विश्राम के पश्चात पदयात्रा रामटेक की ओर प्रस्थान करेंगी सोमवार को यात्रा का विश्राम देवलापार में होगा।

राम वनगमन पथ पर पैदल यात्रा कर रही शिप्रा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये बताया कि देश में बदलाव आ रहा है पूरा देश भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबा हुआ है रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में प्रभु श्रीराम प्रष्ठित होने जा रहे है। उनकी इस लंबी यात्रा उद्देश्य है कि राम के प्रति जन जन की जो आस्था है वह प्रबल हो और भगवान के देश को रामायण काल के अनुसार बनाने के लिये हम सब संकल्पित हो, शुद्ध पर्यावरण हो, वनों की अधिकता हो, नदियाँ निर्मल हो, नशामुक्त समाज हो, संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण हो।

उन्होंने बताया कि सरयू से सागर नाम से जानी जा रही इस 4000 किमी की पदयात्रा को पूरे भारत में भक्ति,अध्यात्म और पर्यावरण की दृष्टि से देखा जा रहा है। जहां एक तरफ अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भी पद यात्रा का उत्साहित होकर जगह जगह राम भक्त स्वागत कर रहे हैं और उन्हें शक्ति प्रदान कर रहे है। वहीं दूसरी ओर प्रकृति प्रेमी भी जल संरक्षण के लिए वाटर वूमेन के कार्यों से प्रभावित होकर पदयात्रा में भाग ले रहे हैं। शिप्रा अपनी पंच तत्व संस्था के माध्यम से भारत में जल,जंगल नदी संरक्षण के लिए कार्य के लिए जानी जाती है।उन्होंने बताया कि वे मध्य प्रदेश की माँ नर्मदा की पैदल यात्रा के अलावा उत्तर प्रदेश की आदि गंगा गोमती,सरयू,मंदाकिनी की पैदल यात्रा कर नदियों के किनारों पर समय समय पर पौधारोपण का कार्य कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करने का कार्य भी ईश्वरीय कार्य मानकर बड़ी श्रद्धा के साथ करती है।

शिप्रा पाठक की इस पद यात्रा का मु य उद्देश्य आज के युवाओं को भगवान राम जानकी के पूजन से ज्यादा उनके कार्यों को आत्मसात करने के अलावा राम जानकी वन गमन पथ को रामायणकालीन हरा भरा करने का है। इसके लिए जगह जगह लोगों के सहयोग से राम जानकी वाटिका भी स्थापित कराएंगी।वाटर वूमेन शिप्रा ने रामभक्तों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि राम वन गमन पथ पर आज भी राम तत्व है जिसे उन्होंने स्वयं महसूस किया है उनकी इस यात्रा को भगवान राम का पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त है जिसकी सहायता से ही इतना बड़ा संकल्प पूरा हो रहा है।शिप्रा के स्वागत में रामभक्तों ने जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया।जानकी माता के प्रति शिप्रा का भक्ति भाव देखते हुए सिवनी में प्रवेश करते ही सकड़ों महिलाओं ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया।पूछे जाने पर महिलाओं ने बताया सोशल मीडिया द्वारा उनके आने की सूचना प्राप्त होने पर दीदी से हम लोगों ने संपर्क किया तब कार्यक्रम पता चला।शिप्रा पाठक की पद यात्रा का अगला पड़ाव महाराष्ट्र की सीमा में प्रवेश कर रामटेक होगा।शिप्रा की ये पैदल यात्रा उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़,महाराष्ट्र कर्नाटक,केरल,आंध्र प्रदेश होकर रामेश्वरम तमिलनाडु के जंगलों से होते हुए निकल रही है।

## भगवान चंद्रप्रभ एवं भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के जन्म तप कल्याणक पर विश्व शांतिधारा

सिवनी यशो:- आठवें जैन तीर्थकर भगवान चंद्रप्रभं स्वामी एवं तैईसवे तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के जन्म तप कल्याणक के पावन अवसर पर गगनचुंबी बड़े जैन मंदिर,छोटे जैन मंदिर एवं गुरुकुल जैन मंदिर जी में भगवान पार्श्वनाथ स्वामी एवं भगवान चंद्रप्रभ स्वामी



के प्राचीन मूल जिन बिंबो का महामस्तकाभिषेक शांतिधारा कर अत्यंत भक्ति भाव से शतादिक श्रद्धालु जनों द्वारा पूजन अर्चन की गई। सर्वप्रथम रजत वेदिका में विराजित बड़े बाबा भगवान पार्श्वनाथ स्वामी का अभिषेक प्रारंभ हुआ पूज्य आचार्य श्री विभवसागर महाराज की सुशिष्या आर्यिका चर्या श्री माताजी ने अनेक ऋद्धि सिद्धि प्रदायक बीज मंत्रों से संयुक्त शांति प्रदायक मंत्रो की शांतिधारा श्री जी के मस्तक पर श्रद्धालु जनों के द्वारा कराई गई। शांतिधारा का सौभाग्य श्री नीलेन्द्र जैन छपारा, श्री डैनी बाझल एवं श्री नीरज पंकज चौधरी परिवार को प्राप्त हुई।वही छोटे मंदिरजी में धवल वर्ण के विराजित भगवान चंद्रप्रभ स्वामी के अभिषेक शांतिधारा के पुण्यार्जक दीपक जैन पान वाले एवं मोनो बाझल परिवार रहे। छोटे मंदिर जी के प्रथम तल पर विराजित श्वेत खड्गासन विराजित भव्य पार्श्व प्रभु एवं चंद्रप्रभु के साथ गुरुकुल मंदिर जी में भगवान के अभिषेक पूजन में श्रद्धालु जनों का उत्साह सराहनीय रहा।

**प्राणी मात्र के कल्याण हेतु कल्याणक मंगलकारी**

इस अवसर पर पूज्य आर्यिका श्री ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान चंद्रप्रभ एवं भगवान पार्श्वनाथ तीर्थकर युगल का जन्म तप जगत के प्राणी मात्र को मंगल प्रद हो वैसे तो पौष मास मे आम धारणा के अनुसार कोई भी शुभ कार्य प्रारंभ करना मंगल नहीं माना जाता किंतु भगवान के कल्याणक किसी मास विशेष से नही अपितु उनके कल्याणक विशेष से मांगलिक हो जाया करते है।

तीर्थंकरों के जन्म तप से ये पौष मास भी मंगलकारी हो जाता है। आज पर्व विशेष पर जैसा उत्साह नगर के प्रत्येक जिनालय मे श्रद्धालु जनों का दिख रहा है वैसा ही उत्साह एवं भक्ति अन्य तीर्थकर भगवंतो के कल्याणक दिवस पर भी दिखना चाहिए।

पंच कल्याणक महोत्सव सभी तीर्थकर भगवान के एक समान कल्याणकारी होते है अतएव हम सभी का कर्तव्य है अपने आराध्य परमात्मा की भक्ति में निरंतर संलग्न रहे।

इस अवसर पर सेठ प्रभात जैन,प्रभात वीडी जैन,संदीप बाझल,अमित जैन थानिसाव, मनीष जैन,प्रियांश जैन,शुभांक जैन, बिट्टू जैन, जेंटी कोशल,पारस जैन, डॉ टर अपूर्व,मनोज बाझल, विपनेश जैन,प्रफुल्ल बंटी,अनंत ,पद्मेश,शालू चौधरी, अनी चौधरी आदि उपस्थित रहे

### संभागीय क्रिकेट का फाइनल आज

बरघाट यशो:- नगर के राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित संभागीय ऑफिसियल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच जबलपुर 1ह्य छिंदवाड़ा के मध्य खेला जावेगा।

उक्त जानकारी देते हुए क्रिकेट प्रभारी आशीष दीक्षित ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी एसआर कुमरे के निर्देशन में आयोजित संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए पहले सेमी फाइनल में छिंदवाड़ा ने कटनी को 14 रन से एवम जबलपुर ने सिवनी को 7 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल सुबह 11 बजे से खेला जाएगा।

### खेलो गुरुकुल का भव्य आगाज 9 जनवरी से बरघाट में गुरुकुल द्वारा आयोजित होगा वार्षिक खेल महोत्सव खेलो गुरुकुल

बरघाट यशो:- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक शैक्षणिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल में दिनाँक 09 जनवरी 2024 से वार्षिक खेल महोत्सव - ÷खेलो गुरुकुल÷ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। वार्षिक खेल महोत्सव का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। ज्ञात हो कि वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार खेल गतिविधि वाले विद्यार्थियों को 20त्न विशेष कोटा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। बच्चों के संपूर्ण विकास में शैक्षणिक के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक गतिविधियां भी आवश्यक है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। इन सभी बातों को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों में खेलों के प्रति रुचि एवं सकारात्मता बनाए रखने के लिए गुरुकुल पब्लिक स्कूल द्वारा खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। संस्था प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत का मानना है कि खेलों की भूमिका समाज एवं बच्चों में कई महत्वपूर्ण दिशाएं बनाती है। वे स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, सामर्थ्य, टीमवर्क, और अनुशासन को संवारते हैं, साथ ही खेलों के माध्यम से मानसिक स्थिति को भी सुधारा जा सकता है, इसके अलावा, वे व्यक्तिगत और सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देते हैं और सहयोग, सहनशीलता और साझेदारी की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में नगर एवं बरघाट ब्लॉक से अनेक सहयोगियों की विशेष भूमिका होगी। नगर एवं खेल जगत की अनेकों हस्तियां वार्षिक खेल महोत्सव में स मिलित होंगी। गुरुकुल के विद्यार्थियों, नगर एवं समस्त बरघाट ब्लॉक में खेल आयोजन को लेकर हर्ष एवं उत्साह का माहौल व्याप्त है।

### शीत लहर : स्कूलों में अवकाश की मांग की चंदेल ने

सिवनी यशो:- सिवनी जिले सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी शीत लहर चल रही है। इस शीत लहर में छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल जाने में अत्यंत कठिनाई महसूस हो रही है साथ ही पालक भी बच्चों के स्वास्थ्य पर इस ठंड का प्रतिकूल असर पढ़ने की आशंका से ग्रस्त रहते हैं। इस भीषण शीत लहर की स्थिति को देखते हुए जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल ने कले टर सिवनी को पत्र लिखकर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कुछ दिनों के लिए अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है। श्री चंदेल ने लिखा है कि तापमान सामान्य होने पर पुनः सभी विद्यालयों को सामान्य रूप से संचालित किया जाना उचित रहेगा।

## बरघाट मे लगातार हो रही चोरी की वारदातों से सहमे लोग, पुलिस गश्त पर उठ रहे सवाल

बरघाट यशो:- बरघाट में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से नगरवासी सहमे हुए हैं। शनिवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने बरघाट के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित सद्गुरु शिवालय की लोहे की चैन? से बंधी दान पेटी को चोरों ने लोहे की चैन को काटकर दानपेटी और छोटे भगवान की मूर्ति को चुरा ले, वहीं बरघाट वार्ड क्रमांक 2 के बालाजी नगर में शिक्षक रविंद्र ठाकुर के घर का भी चोरी की गई जिसकी राशि की जानकारी नहीं मिल पाई है, वे अपनी बुजुर्ग मां का इलाज हेतु बाहर




गया हुये थे। इसके पहले सद्गुरु शिवालय मंदिर के सामने स्थित हिमालय हो स इले ट्रॉनिक दुकान से चोरों ने लाखों की चोरी की थी जिसके आरोपियों को पुलिस अभी गिर तार नहीं कर सकी है। वही बाइक चोरी और साप्ताहिक बैठकी बाजार में मोबाइल फोन की चोरी आम बात हो गई है, इन घटनाओं के बाद लोग सहमे हुए हैं। कई किरायेदार व घर के लोग अपने घर को बंद कर शादी विवाह या अन्य कार्यक्रमों में घर को सूना छोड़कर में भी जाने से कतरा रहे हैं। साथ ही पुलिस की गश्त व कार्यशैली पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

**इनका कहना है–** पुलिस ने मामले में प्राथमिकी करने के साथ ही आरोपियों की पहचान कर रही है। जल्द ही सभी मामले में गिर तारी की जाएगी, संदिग्धतो से पूछताछ की जा रही है। साइबर ऐ सपर्ट और फिंगरप्रिंट ऐ सपर्ट को बुलाकर जांच की जा रही है।

**कृपाल शाह टेकाम**
**थाना प्रभारी बरघाट**

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अलोनिया गुरुद्वारा मे माथा टेका -भाजपा मंडल लखनवाड़ा के ग्रामों का किया दौरा

सिवनी यशो:-आज दिन-रविवार, दिनांक 07/01/2024 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी गुरुद्वारा मे माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। आज प्रातः विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने ग्राम अलोनिया स्थित गुरुद्वारा मे आयोजित कार्यक्रम पहुंचकर पवित्र गुरुग्रंथ साहिब के दर्शन कर माथा टेका तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले लखनवाड़ा भाजपा मंडल के ग्राम लखनवाड़ा से दौरा प्रारंभ



करते हुए ग्राम कारीरात, करहैया, जमुनिया, बिनैकी, सुकरी, कोहका, पीपरडाही, फुलारा, मरझोर एवं ऐरपा आदि ग्रामों का दौरा के ग्रामीण जनों से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा ग्रामों मे विधायक दिनेश राय मुनमुन जी का आत्मीय स्वागत किया गया।

## कुरई पुलिस ने जान पर खेलकर अबैध गोवंश परिवहन करते हुये कंटेनर को पकड़ा

### कंटेनर में पशुओं का दम घुटा, 37 मिले जीवित

सिवनी यशो:- गोवंश की तस्करी करने वाले कंटेनर को कुरई पुलिस ने पकड़ने में सफलता तो प्राप्त कर ली परंतु इस कंटनेर का चालक जितनी क्रूरता से पशुधन को वाहन में ले जा रहा था उतनी अधिक क्रूरता से कंटेनर के रोकने का प्रयास करने वाले पुलिस कर्मचारियों को रौंदने का प्रयास भी इस कंटेनर के चालक द्वारा किया गया दो स्थानों पर चालक ने ड्युटी में तैनात कर्मचारियों को बुरी तरह रौंदने का प्रयास करते हुये कंटेनर सहित भागने का प्रयास किया। इस कंटेनर में अबैध गोवंश इतनी क्रूरता के साथ भरा गया था कि 18 पशु कंटेनर में ही मर गये जबकि 37 जिंदगी और मौत से जूझते हुये





बचे हुये थे। कुरई थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमान जी.डी.शर्मा एवं एसडीओपी बरघाट ललीत गठरे के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक महोदय व्दारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार दिनांक 07.01.2024 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वाहन कंटेनर टीएस08यूबी 2529 पर गौवंश का परिवहन करते हुये वाहन कंटेनर नागपुर तरफ जाने वाला है जो हम. स्टाफ के उक्त वाहन को रोकने के लिये थाना के सामने नेशनल हाईवे पर वाहन को रोकने का प्रयास किया गया जो वाहन चालक जानबुझकर वाहन को ड्यूटी पर लगे कर्मचारियो की हत्या करने की नियत से उनके ऊपर कंटेनर वाहन चढाने का प्रयास किया जिसमें कर्मचारी बाल बाल बचे। तभी कंटेनर चालक भी नागपुर तरफ भागा। ग्राम कोदाझिरी के पास उक्त वाहन को रोकने के लिये

### कंटेनर से दो स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों को रौंदने का चालक ने किया प्रयास

कर्मचारियो के व्दारा रोड पर स्टापर लगाकर वाहन रोकने का प्रयास किया गया परंतु यहाँ भी वाहन चालक ने उक्त कर्मचारियो की हत्या करने की नीयत से उनके ऊपर भी कंटेनर चढ़ाने का प्रयास किया और स्टापर रौंदते हुये भागा स्टापर कर्मचारी आरक्षक अविनाश पांडे को लगने से कंधे एवं पसली में चोट लगी है कंटेनर वाहन अनियंत्रित होकर रोड के बाहर चला गया जिससे चालक उसके साथ बैठा व्यक्ति जंगल में भागे जिन्हे घेराबंदी कर चालक को पकडा गया। उसके साथ बैठा व्यक्ति भाग गया चालक ने अपना नाम रामभवन उर्फ उधम मोर्य उम्र 40 साल फतेहपुर उत्तरप्रदेश एवं उसके साथ बैठे व्यक्ति का नाम रकीफ मुसलमान हैदराबाद का होना बताया। वाहन पर 37 नग जीवित नाटा बैल एवं 18 नग मृत नाटा बैल पाये गये। आरोपी रामभवन मोर्य के विरूध्द धारा 307, 120बी, 429 भा.द.वि., 4, 6, 9 गौवंश, 11 (घ) पशु क्रूरता अधिनियम एवं अन्य धाराओ में अपराध पंजीबध्द कर आरोपी को गिर तार किया गया। है। मामले की विवेचना जारी है।

अबैध गोवंश की तस्करी करने वाले कंटेनर को पकड़ने में अपनी जान की बाजी लगाकर पकड़ने में कुरई थाने के निरीक्षक एल.एस. झारिया, उनि राजेश शर्मा, प्रधान आरक्षक लक्ष्मण भलावी, प्रदान आरक्षक मनोज पाल, आरक्षक अविनाश पांडे, आरक्षक नारेन्द्र सोलंकी की भूमिका सराहनीय रही।

### भागवत पुराण में ध्रुव एवं प्रहलाद चरित्र का वर्णन

सिवनी यशो:-सिवनी बोरदयी टेकरी में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस में कथा व्यास दीपक मिश्रा ने भागवत पुराण के दौरान धुर्व चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया उक्त कार्यक्रम दिनांक 11 जनवरी तक महाकालेश्वर धाम टेकरी में आयोजित है आयोजक सभी श्रद्धालु भक्तों को उपस्थित होने हेतु सादर आमंत्रित करते हैं।ज्ञातव्य हो कि महाकालेश्वर बोरदही टेकरी में आज के ही दिन भगवान महाकालेश्वर की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी जिसके आज 13 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उक्त अवसर में मंदिर के पुजारी श्री राघवेंद्र जी शास्त्री ने उक्त आशय की जानकारी दी कि आज भगवान महाकालेश्वर का प्रकट दिवस एवं आज भगवान भोलेनाथ समस्त भक्तों को वरद् हस्त आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं।

### जबरन नॉलेज



# देश बदलने का प्रतीक विकसित भारत संकल्प यात्रा

**यात्रा के प्रति आमजन का उत्साह अभूतपूर्व- राज्यपाल पटेल**

भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। एक समय था जब सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को चक्कर लगाने पड़ते थे। आज स्थिति बदल गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब सरकार खुद चल कर हितग्राहियों के घर पहुँच रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति और परिवार को मिले, यह सुनिश्चित कर रही है। यात्रा के प्रति आमजन का उत्साह अभूतपूर्व है। श्री पटेल आज देवास जिले के गंधर्वपुरी ग्राम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद, विधायक, जिला, जनपद और ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि सहित बड़ी सं या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विश्व की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। हमारी उपलब्धियां साफ बता रही है कि 21 वीं सदी भारत की सदी होगी। उन्होंने कहा कि देश बदल रहा है। महिलाएं सशक्त बन रही है। ग्राम विकसित हो रहे हैं। अर्थव्यवस्था मजबूत बन रही है। उन्होंने देवास जिले की स्व-सहायता समूह की सदस्य के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ऑनलाइन चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सबका यह सौभाग्य है कि देश का नेतृत्व ऐसे व्यक्ति के पास है, जो गरीबों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए दिन रात कार्य कर रहा है। महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना, पक्की छत का घर बनाने के लिए आवास योजना जैसी अनेक योजनाएं बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी सबका साथ सबका विश्वास के साथ समावेशी समाज के निर्माण के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों में सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे वर्ष 2047 में विकसित भारत कैसा देखना चाहेंगे, इस संबंध में अपने विचार भी प्रस्तुत करें।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विकसित भारत बनाने की शपथ उपस्थित जनों को दिलाई।

# 2 जनवरी 1950 सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाज सेवी डॉ राधाबाई का निधन

# सामाजिक समरसता और नारी कल्याण के लिये जीवन समर्पित

रमेश शर्मा-

प्रसिद्धि स्वतंत्रता सेनानी तथा समाज सुधारक राधा बाई ने एक ओर स्वतंत्रता संग्राम में अनेक जेल यात्राएँ वहीं सामाजिक जागरण विशेषकर वेश्यावृत्ति के लिये विवश की जाने वाली महिलाओं के उत्थान और आत्मनिर्भर बनाने और सामाजिक स मान की दिशा में अपना जीवन समर्पित कर दिया।

राधाबाई महाराष्ट्र की रहने वालीं थीं। उनका पूरा जीवन छत्तीसगढ़ में बीता। वे पेशे से नर्स थीं लेकिन अपने पूरे परिवेश में डो टर राधाबाई के नाम से प्रसिद्ध थीं। वे 1930 से स्वतंत्रता के लिये किये जाने वाले अहिसंक आँदोलन से जुड़ीं और उन्होंने 1942 तक हर %सत्याग्रह% में भाग लिया एवं जेल गईं।



राधाबाई का जन्म 1875 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ था। तिथि का उल्लेख नहीं मिलता। जब वे मात्र नौ वर्ष की थीं तब 1884 में उनका बाल विवाह हो गया था। पर उनका दा पत्य जीवन नहीं चल सका। उनकी पहली विदा होने से पहले ही पति की मृत्यु हो गई। किसी बीमारी में माता पिता की भी मृत्यु हो गई। उनका पालन पोषण पड़ौसिन ने किया।

समय के साथ परिश्रम आरंभ किया और दाई का काम सीखा। समय के साथ प्राकृतिक जड़ी बूटियों से उपचार करना भी सीख लिया। वे गर्भस्थ महिलाओं की छोटी मोटी समस्याओं का उपचार जड़ी बूटियों से कर देतीं थीं और उनके साथ के प्रसव भी सफल होते। इसलिये अपने आसपास डो टर राधाबाई के नाम से प्रसिद्ध हो गईं।

वे 1918 में रायपुर आईं और नगरपालिका में दाई का काम करने लगीं। प्रसव पीड़िताओं के साथ उनका व्यवहार, गुणवत्ता के कारण वे बहुत लोकप्रिय हो गईं।

सन 1920 में महात्मा गाँधी पहली बार रायपुर आये, गाँधी जी सभा हुई। वे सभा सुनने गईं और आँदोलन से जुड़ गईं। तब से राधाबाई ने हर प्रभात फेरी और सभाओं में न केवल भाग लेतीं अपितु प्रचार कार्य में जुड़ गईं। 1930 में पहली बार गिर तार हुईं और इसके बाद उन्होंने 1942 तक हर सत्याग्रह भाग लिया। अनेक बार जेल गईं।

स्वतंत्रता आन्दोलन के साथ उन्होंने दो अभियान चलाये एक अस्पृश्यता निवारण का और दूसरा कामगारों की बस्ती में सफाई अभियान। वे सफाई कामगारों की बस्ती में जाती और स्वयं केवल सफाई ही नहीं करतीं थीं अपितु उनके बच्चों को नहलाने और पढ़ाने का काम भी करतीं थीं। उन्होंने उन बस्तियों में ही ऐसे कार्यकर्ता तैयार किये जो सफाई और बच्चों को शिक्षा देने का कार्य करने लगे । वे केवल रायपुर नगर तक ही सीमित न रहीं। एक टोली बनाकर आसपास भी जातीं।

उन्होने धमतरी तहसील के अंतर्गत कंडेल गाँव में एक चरखा केन्द्र भी खोला । चरखा वे स्वयं भी चलातीं और चरखे से खादी तैयार कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम करतीं। उन्होने चरखा पर अनेक गीत तैयार किये तथा चरखा चलाने के साथ सब के साथ गीत भी गातीं ÷मेरे चरखे का टूटे न तार, चरखा चालू रहे।÷ चरखा सिखाने के लिये उन्होने एक टोली भी तैयार की जिसमें पार्वती बाई, रोहिणी बाई, कृष्ण बाई, सीता बाई, राजकुँवर बाई आदि थीं। ये सभी महिलाएँ 1942 के भारत छोड़ो आँदोलन में जेल भी गईं।

उन दिनों छत्तीसगढ़ में महिलाएँ ब्लाउज नहीं पहनतीं थीं। जबकि महाराष्ट्र विशेषकर नागपुर में पहना जाता था । राधाबाई ने महिलाओं को ब्लाउज पहने के लिये प्रेरित किया । उन्हे अपने समय के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित सुन्दर लाल की पत्नि की पत्नि श्रीमती बोधनी बाई का साथ मिला और महिलाओं में जाग्रति अभियान तेज चलने लगा।

उन दिनों छत्तीसगढ़ में एक प्रथा %किसबिन नाचा% थी। यह एक प्रकार की वेश्यावृत्ति थी राधाबाई ने इस प्रथा के उन्मूलन का काम आरंभ किया। राधाबाई ने इस पृथा के उन्मूलन की शुरुआत 1944 से आरंभ की थी और अपने जीवन की अंतिम श्वाँस तक करती रहीं। वस्तुतः छत्तीसगढ़ के गाँवों और नगरों में एक सामंती प्रथा थी जिसमें नृत्य के लिये जो महिलाएँ आतीं थीं उनका शारीरिक शोषण भी होता था । इसे ÷किसबिन नाचा÷ कहा जाता था। ÷किसबिन नाचा÷ करने वालों का एक वर्ग ही बन गया था। जैसे राजस्थान और मालवा में कभी बाछड़ा वर्ग हुआ करता था । वैसे ही छत्तीसगढ में यह किसबिन नाचा वर्ग बन गया था। इस वर्ग के लोग अपने ही परिवार की लड़कियों को %किसबिन नाचा% के काम में लगा देते थे।

इस वर्ग की लड़कियाँ भी मानों यही काम अपनी नियति समझती थीं। राधाबाई और उनकी टोली ने इस प्रथा को समाप्त करने का अभियान चलाया । इसकी शुरुआत खरोरा नामक गाँव से हुई। महिलाओं को चरखा चलाने के काम में लगाया और पुरुषों को खेती-बाड़ी के काम में। यह परिवर्तन राधाबाई के कारण ही संभव हुआ।

इसके लिये स्वतंत्रता के बाद राधा बाई का स मान किया गया। अपना पूरा जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित करने वाली राधाबाई का निधन 2 जनवरी,1950 को हुआ। वे अकेली रहतीं थीं। उन्होंने जीवन काल में अपना मकान अनाथालय को देने की बसीयत कर दी थी । उनके निधन के बाद उनकी बसीयत के अनुसार उनका मकान एक अनाथालय को दे दिया गया।

# आकाश की तरह ऊंचे संकल्प वाले निर्देशक की प्रेम पर फिल्म

## युवा निर्देशक एवं पटकथा लेखक अकाशादित्य लामा निर्देशित साल की पहली फिल्म में दिखेगा अमीशा पटेल का जलवा

जिस समय देश के सुदुर उत्तर पूर्व को लंबे समय तक हिंसा के कारण अखबारों में जगह मिल रही हो ठीक उसी समय उसी माटी से निकले फिल्म निर्देशक एवं पटकथा लेखक अकाशादित्य लामा का सिने संसार में नए साल पर नयी फिल्म पेश करना मंद पवन के झोंको जैसा है। अकाशादित्य पर्वतीय इलाकों जैसे उतार और चढ़ाव अपने फिल्मी करियर में देख चुके हैं मगर उत्तर पूर्व के हठीले झरनों की तरह वे अपनी जगह बनाना जानते हैं। नए साल पर हिन्दी की पहली फिल्म उनके खाते से ही आ रही है। नाम है तौबा तेरा जलवा।




निर्देशक एवं पटकथा लेखक अकाशादित्य की यह पहली व्यवसायिक फिल्म है। निर्देशक के सृजन कौशल के साथ यह फिल्म चर्चा में है योंकि गदर फिल्म की सकीना मतलब अमीशा पटेल उनकी फिल्म की नायिका हैं। ये बात भी तय है कि जतिन खुराना, एंजेला क्रिसलिंकी जैसे फिल्म के युवा सितारे पर्दे पर चमकने के रास्ते पर अपनी मेहनत को निरंतर तराश रहे हैं।

फिल्म की कहानी या है इस बात पर अकाशादित्य सिर्फ यही बताते हैं कि ये प्रेम की कहानी है। इसमें प्रेम को अलग तरीके से मनोरंजक ढंग से बताया और कहा गया है। प्रेम का जलवा आप इस फिल्म में देखने वाले हैं।

इस फिल्म को लेकर उनके अलग अनुभव और यादें हैं। वे कहते हैं कोरोना ने जब दुनिया को घेर लिया तो यकीन नहीं था कि यह फिल्म बन भी पाएगी या नहीं मगर ईश्वर साथ था तो सब कुछ पटरी पर आया और 2024 में हम तौबा तेरा जलवा का जलवा देखने तैयार हैं।

अकाशादित्य का यह उत्साह एक दिन में पैदा नहीं हुआ है। वे निरंतर संघर्ष से चमके हैं। उनके परिवार ने देश की सेवा को ही अपना कर्म बनाया और पापा से लेकर सभी बड़े आर्मी, सीआईएसएफ, बीएसएफ में ही रहे हैं। वे खुद पापा की जॉब के कारण उत्तरपूर्व के बाद से कलकत्ता, झारखंड, छत्तीसगढ़ से लेकर मप्र के ग्वालियर, भोपाल, इंदौर सहित कई शहरों में रहे,। बचपन से कहानियां कहने का शौक था जो उन्हें लगातार पढ़ने के कारण रंगमंच की ओर ले गया और यहीं से पहले थियेटर और बाद में वे सिने दुनिया की ओर मुड़े। उनकी यात्रा पर पूरा प्रकाश फिर कभी अलग से डालना होगा योंकि उनकी कहानी में से हम सभी के लिए बहुत कुछ जानना और सुनना रोचक रहेगा मगर फिलहाल तो यही बात बड़ी दिलचस्प है कि जब वे गदर एक प्रेमकथा के सहनिर्देशक के थे तो अमीशा पटेल के साथ काम करते हुए ही एकदम तय कर लिया था कि उनकी पहली फिल्म की नायिका अमीशा ही होंगी। उनका यह कथन ग्वालियर से प्रकाशित राष्ट्रवादी विचार के प्रमुख समाचार पत्र स्वदेश में उनके इंटरव्यू में छपा था।

आज अकाशादित्य के उस पर्वत से ऊंचे संकल्प का सलाम करने का वक्त है। ठीक 20 साल के अनुशासन, लगन और मेहनत के फलस्वरुप आज वे नामचीन अभिनेत्री अमीशा पटेल के साथ अपनी फिल्म लेकर हम सबके सामने हैं।

अकाशादित्य कहते हैं अमीशा पटेल बेहतरीन इंसान हैं और फिल्में वे वही करती हैं जो उन्हें ठीक लगें। उन्होंने अपने करियर में बड़े प्रॉड शन हाउस के साथ नामी फिल्में ही की हैं। मुझसे दोस्ती और भरोसे के कारण उन्होंने मेरी फिल्म को हां किया था। मुझे पूरा भरोसा है कि तौबा तेरा जलवा में सिनेप्रेमी अमीशा पटेल को नए अंदाज और किरदार में पसंद करेंगे। यह फिल्म 4 जनवरी को रिलीज हो रही है जिसमें प्रेम को एक अंदाज में आप पर्दे पर देखेंगे।

# राम मंदिर की नींव में राजस्थानी 'रज'

**नींव में डाली राजस्थान के 50 से अधिक मंदिर व तीर्थ क्षेत्रों की मिट्टी**

**देशभर के ढाई हजार से अधिक क्षेत्रों की पवित्र मिट्टी का उपयोग**

**जयपुर के मोतीडूंगरी गणेश व गोविंद देव जी मंदिर शामिल**



जयपुर। राजस्थानियों के लिए गौरव की बात है कि राम मंदिर की नींव में राजस्थान के पचास से अधिक मंदिर, मठ, आश्रम और तीर्थ क्षेत्रों की %रज कण% डाली गई है। छोटी काशी के नाम से वि यात राजधानी जयपुर के प्रसिद्ध श्री राधागोविंद देव जी मंदिर और मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के अलावा तपोभूमि गलता तीर्थ, हल्दीघाटी, चित्तौड़गढ़, मेहंदीपुर बालाजी, त्रिनेत्र गणेश व डिग्गी कल्याण जी की मिट्टी का उपयोग नींव तैयार करने में किया गया है।

इतिहास में मीरा की भक्ति, महाराणा प्रताप के पराक्रम और वीर सपूतों के शौर्य के लिए विश्व प्रसिद्ध राजस्थान की माटी अब अयोध्या में निर्मित %रामलला% मंदिर की नींव की मजबूती में अपने योगदान के लिए याद रखी जाएगी। मंदिर के हरेक भाग में राजस्थानी रज अपनी सुगंध बिखेरेगी।

**देश के ढाई हजार से अधिक क्षेत्रों से आई मिट्टी-**

यदि पूरे देशभर के तीर्थ स्थानों व मंदिरों की बात की जाए तो नींव को मजबूत बनाने में 2 हजार 587 क्षेत्रों की मिट्टी का उपयोग किया गया है। हजारों साल तक राम मंदिर सुरक्षित खड़ा रहे, इसलिए इसकी नींव के निर्माण का कार्य लगभग पांच महीनों तक चला। मंदिर निर्माण के लिए जमीन की 50 फीट गहराई में कांक्रीट की आधारशिला रखी गई। जिसकी 2.77 एकड़ भूमि पर भव्य राम मंदिर बन रहा है।

**राजस्थान में यहां से एकत्रित हुई मिट्टी-**

जयपुर से मोती डूंगरी गणेशजी, गोविंद देवजी, गलता पीठ, घाट के बालाजी, शिलामाता, झूलेलाल मंदिर अमरापुर, श्री ताड़केश्वर महादेव मंदिर, त्रिवेणी धाम, शाकंभरी माता सांभर, ज्वाला माता मंदिर जोबनेर, वीर हनुमान मंदिर सामोद, पंचखंड पीठ विराटनगर, सीकर जिले से खाटूश्याम जी, रेवासा पीठ, जीणमाता मंदिर, चूरू जिले से सालासर बालाजी, ददरेवा धाम राजगढ़, झुंझुनूं जिले से रानी सती मंदिर, सूर्य मंदिर लोहार्गल, शाकंभरी माता मंदिर उदयपुरवाटी, अलवर जिले से भर्तृहरि धाम पांडुपोल, करौली जिले से मदन मोहन जी मंदिर, कैला माता मंदिर।

# प्रदेश में 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**मकर संक्रान्ति पर्व के दौरान भी विभिन्न आयोजन होंगे**

**अवैध बाल संरक्षण गृहों पर स त कार्रवाई होगी**

**मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खातों में 10 जनवरी को राशि होगी जमा**

**मु यमंत्री डॉ. यादव ने वी.सी. से उक्त आयोजनों की कार्ययोजना बनाने के दिये निर्देश**





भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से युवा दिवस, मकर संक्रान्ति और लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के संबंध में तैयारियों की बैठक ली। इस अवसर पर इंदौर से जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और भोपाल से मु य सचिव श्रीमती वीरा राणा सहित सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर बताया गया कि मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खातों में 10 जनवरी को राशि अंतरित की जायेगी। पूरे प्रदेश में 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। साथ ही मकर संक्रान्ति पर्व के दौरान भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मु यमंत्री डॉ. यादव ने इन कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये।

बैठक में मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। इस दौरान महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिये क्रियान्वित योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी जाये। साथ ही उनके रोजगार पर आधारित कार्यक्रम भी हों। उन्होंने कहा कि युवा दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में युवाओं के लिये कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया जाये। स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों को उनके सांस्कृतिक अवदानों के बारे में परिचर्चाएं, निबंध-लेखन, संभाषण और गोष्ठियां आयोजित की जाये। समाज में स्वामी विवेकानंद विचारों का सामाजिक संगठनों के माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। बैठक में आगामी 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के बारे में भी चर्चा की गई।

बैठक में मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी भारतीय पर परा में मकर संक्रान्ति पर्व का विशेष महत्व है। इस दिन सूर्य उत्तरायण की ओर जाता है। इस पर्व का जहाँ एक ओर धार्मिक महत्व है वहीं दूसरी ओर उसका वैज्ञानिक महत्व भी है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रान्ति पर्व पर पर परागत खेलों को बढ़ावा देते हुए कार्यक्रम किये जाएं। साथ ही युवाओं को मकर संक्रान्ति का वैज्ञानिक महत्व बताने के लिये भी कार्यक्रम हों। इन कार्यक्रमों में वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया जाये। भजन मण्डलियों को भी कार्यक्रम में शामिल करें। उन्होंने पतंगबाजी सहित अन्य देशी खेलों के आयोजन के निर्देश भी दिये। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पतंगबाजी में चायना डोर के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाये।

**अवैध बाल संरक्षण गृहों पर हो स त कार्यवाही**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि पूरे प्रदेश में कोई भी अवैध बाल संरक्षण गृह संचालित नहीं हो। अवैध बाल संरक्षण गृह पाये जाने पर उन्होंने स त कार्रवाई के निर्देश दिये। मु यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इसके लिये सतत निरीक्षण भी करते रहें।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में इंदौर से महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, विधायक श्री रमेश मेंदोला, सुश्री उषा ठाकुर, श्रीमती मालिनी गौड़ तथा श्री गोलू शु ला, श्री गौरव रणदीवे, श्री घनश्याम नारोलिया, मु यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह, इंदौर कमिश्नर श्री माल सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री मकरंद देउस्कर, कले टर श्री आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# मु य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

## फोटो निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत की जा रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराया

भोपाल । मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने शनिवार को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन भोपाल में बैठक की। 6 जनवरी से प्रारंभ हुए फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत की जा रही गतिविधियों के बारे में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को अवगत कराया।

श्री राजन ने कहा कि प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में मतदाता सूची के प्रारूप का आज प्रकाशन किया गया। सभी राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील की गई।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया चलेगी। इस बीच जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है एवं जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अे टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं।

श्री राजन ने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत अधिक से अधिक नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, इसमें सहयोग करने का आग्रह किया।

बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी से श्री भगवानदास सबनानी, श्री एस.एस. उप्पल, कांग्रेस पार्टी से श्री जे.पी. धनोपिया, आम आदमी पार्टी से श्री सुमित चौहान, बहुजन समाज पार्टी से श्री सीएल गौतम सहित क यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से श्री रामचरण पी.व्ही. उपस्थित थे।

**13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर**

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। विशेष शिविर के दौरान सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के घर जाएंगे और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे। 2 फरवरी तक दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। 8 फरवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

**प्रदेश में 5 करोड़ 60 लाख 73 हजार 696 है मतदाताओं की सं या**

प्रदेश में 5 करोड़ 59 लाख 98 हजार 370 सामान्य मतदाता हैं। इमसें 2 करोड़ 87 लाख 90 हजार 967 पुरुष और 2 करोड़ 72 लाख 6 हजार 136 महिला मतदाता हैं। 1 हजार 267 थर्ड जेंडर मतदाता है। सेवा मतदाताओं की सं या 75 हजार 326 है, जिसमें 73 हजार 028 पुरुष एवं 2 हजार 298 महिला मतदाता है।

इस प्रकार कुल मतदाताओं की सं या 5 करोड़ 60 लाख 73 हजार 696 है, जिसमें 5 लाख 3 हजार 564 दिव्यांग तथा 103 अप्रवासी भारतीय है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफ्लाइन की सुविधा प्रदान की गई है। नागरिक Voter Helpline App और voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही निर्वाचन संबंधी किसी भी जानकारी एवं सहायता के लिए मतदाता कार्यालयीन समय में टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं।

# मध्य प्रदेश में अवैध बाल संरक्षण गृह पर होगी कार्रवाई

भोपाल। मु यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि पूरे प्रदेश में कोई भी अवैध बाल संरक्षण गृह संचालित नहीं हो। अवैध बाल संरक्षण गृह पाये जाने पर उन्होंने स त कार्रवाई के निर्देश दिये। मु यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इसके लिये सतत निरीक्षण भी करते रहें।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में इंदौर से महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, विधायक रमेश मेंदोला, सुश्री उषा ठाकुर, श्रीमती मालिनी गौड़ तथा गोलू शु ला, गौरव रणदीवे, श्री घनश्याम नारोलिया, मु यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, इंदौर कमिश्नर माल सिंह, पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर, कले टर आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लें - राज्यपाल पटेल

## उज्जैन के सोढ़ंग गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हुए शामिल



भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल नागरिकों को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलवाया। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ने और देश की एकता को और ज्यादा सुदृढ़ बनाने और देश की रक्षा करने वालों का स मान करने में जि मेदार नागरिक का कर्तव्य निभायें। राज्यपाल रविवार को उज्जैन की जनपद पंचायत घट्टिया की ग्राम पंचायत सोढंग में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए।

राज्यपाल ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाए गए शिविर में विभिन्न कारणों से छूट गए पात्र लोगों को पंजीकृत भी किया जा रहा है। इस प्रकार की यात्रा पहले कभी नहीं निकाली गई। केंद्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की चिंता करते हुए उज्ज्वला योजना शुरू की। आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीबों के उपचार का खर्च उठा रही है। आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जो कभी भी जीवन में पक्का मकान नहीं बना सकते थे, प्रधानमंत्री ने उनके सिर पर पक्की छत का प्रबंध किया है। देश की जनता का आशीर्वाद निरंतर प्रधानमंत्री को मिल रहा है। उन्होने कहा कि सभी के प्रयासों से भारत विश्व गुरु बनेगा।

**सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान रखा**

सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले और कोई भी हितग्राही शासकीय योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होने कहा कि कोरोना के कठिन काल में भी सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान रखा। गरीब वर्ग के लोगों को निशुल्क अनाज वितरण किया गया। साथ ही सभी को निःशुल्क वै सीन भी उपलब्ध कराई गई। राजस्व विभाग के अंतर्गत बटांकन व सीमांकन से संबंधित प्रकरणों का निराकरण भी शीघ्रता से किया जाएगा।

घट्टिया के विधायक श्री सतीश मालवीय ने राज्यपाल को तुलसी का पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। ग्राम सोढंग के शासकीय माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात मेरी कहानी-मेरी जुबानी के अंतर्गत शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किये।

**मिल गई पक्की छत**

हितग्राही दिनेश पिता गंगाराम ने बताया कि पहले में कच्चे मकान में रहा करते थे, जिससे उनके परिवार को बहुत असुविधा होती थी। पीएम आवास योजना के माध्यम से उनके सिर पर पक्की छत आई है। मां को वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त हो रही है। बालक का आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपचार इंदौर में हुआ। गरीबों के लिए इतनी सारी कल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद ।

एक अन्य हितग्राही सुशीला ने बताया कि उन्हें उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कने शन प्राप्त हुआ है। पहले बहुत परेशानी होती थी। अब गैस कने शन आने के बाद कम समय में उनका भोजन बनकर तैयार हो जाता है। अन्य कार्यों के लिए काफी समय मिलता है।

हितग्राही सपना चौहान ने बताया कि आजीविका मिशन के अंतर्गत उनका शिवशक्ति स्वसहायता समूह है। इससे कई महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। साथ ही गांव की अन्य महिलाओं को उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण और आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है। आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। हितग्राही सीमा राठौर ने बताया कि उनके गांव में शासन की सभी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। शौचालय निर्माण हुए हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद। ग्राम सोढंग में सरपंच श्रीमती धापूबाई को जल जीवन मिशन के अंतर्गत शत-प्रतिशत नल कने शन गांव में किए जाने पर अभिनंदन पत्र वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त मॉडल ओडीएफ का प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान स मान निधि का प्रमाण पत्र, शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का प्रमाण पत्र, ब्लड प्रेशर की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग करने पर विधायक घट्टिया श्री सतीश मालवीय को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

अटल ज्योति योजना के अंतर्गत हितग्राही मांगीलाल को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूह को चेक प्रदान किया गया। नवीन आयुष्मान कार्ड श्री भंवर सिंह को प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत श्री प्रभुलाल कछावा को 9 लाख 80 हजार रुपए का चेक, पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत हितग्राही सेवाराम को 4 लाख 86 हजार रुपए का चेक, कक्षा पांचवी की छात्रा खुशी को और शानू सूर्यवंशी को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रमाण पत्र और गांव के आकाश पिता राधेश्याम को साइकिल रेस में राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने पर पुरस्कार प्रदान किया गया। एनआरएलएम योजना के अंतर्गत श्रीमती ललिता राठी को साड़ी के उद्योग के लिए 3 लाख रुपए का चेक वितरित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर, उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर, श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला, सीईओ जिला पंचायत श्री मृणाल मीना, एसडीएम घट्टिया, अन्य अधिकारीगण तथा गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.संदीप नाडकर्णी ने किया। घट्टिया के विधायक श्री सतीश मालवीय ने आभार प्रदर्शन किया।

# कृषि आदान विक्रेताओं हेतु कृषि डिप्लोमा का 8 वें बैंच का शुभारंभ

सिवनी यशोः-आत्मा परियोजना संचालक द्वारा कृषि आदान विक्रेताओं हेतु एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स देशी के 8 वें बेच का शुभारंभ कृषि ज्ञान केन्द्र, कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सिवनी में किया गया । ऑठवा बैच का शुभारंभ, मोरिश नाथपरियोजना संचालक आत्मा सह उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग एवं डॉ. शेखरसिंह बघेल वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी के आतिथ?य में पवन कुमार कौरव सहायक संचालक कृषि की उपस्थिति में फेसिलिटेटर डॉ. अखिलेश कुल्हाडे तकनीकि सहायक द्वारा किया गया।

प्रशिक्षणार्थियों को एक वर्षीय कृषि डिप्लोमा की उपयोगिता कृषकों को उचित मार्गदर्शन देने कृषि फसलों, उद्यानिकी फसलों औषधीय फसलों कीट एवं रोग से बचाव के साथ मृदा विज्ञान, मौसम विज्ञान इत्यादि विषयों पर जानकारी प्रदान करने के लिए कोर्स शासकीय संस्था मैनेज हैदराबाद द्वारा तैयार किया गया है । जो कि कुल 48 सप्ताह तक चलेगा जिसमें प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया जाता है यह सभी महत?वपूर्ण निर्देशों की विस्तृत जानकारी डॉ. अखिलेश कुल्हाडे द्वारा दी गयी ।

डॉ. शेखर सिंह बघेल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि बी.एस.सी. कृषि की चार वर्षीय डिग्री कोर्स का निचोड है जो कि एक वर्ष में देसी डिप्लोमा में प्रदान किया जाता है कृषि संबंधित विषय में अधिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत आवश्यक सिद्ध होगा जिससे कृषि व्यवसाय को बढाने से सफलता प्राप्त होगी।

मोरिश नाथ द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षणार्थियों को कृषकों के बीच जाकर कृषि संबंधित जानकारियों का प्रचार प्रसार करना है, जैसे उर्वरकों का संतुलित उपयोग के साथ युरिया एवं डीएपी के अन?य विकल?पों का प्रयोग जैसे एन पी.के. नैनो युरिया, नैनो डीएपी भी अधिक फसल उत?पादन में सहायक सिद्ध होगा।

इस कार्यक्रम में अनुराग पाठक लेखापाल आत?मा, लिपिकचंद पवार एटीएम घंसौर, सुधीर शु ला एवं अंतराम धुर्वे इत्यादि सभी कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हुआ।



**छपारा केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह नेआज एकादशी के अवसर पर मां बैनगंगा की महा आरती में शामिल होकर के बैनगंगा मैया का आशीर्वाद लिया**

# मौसम प्रणालियां सक्रिय, कई जिलो में बारिश और कोहरे का अलर्ट

भोपाल। मकर संक्रांति से पहले मध्यप्रदेश के मौसम के मिजाज बदले बदले नजर आ रहे है। घना कोहरे के साथ कई जिलों में बारिश भी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग की मानें फिलहाल 10-11 जनवरी तक मौसम के यूहीं बने रहने का अनुमान है। रविवार को 19 जिलों में घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की गई । वहीं जबलपुर, शहडोल , भोपाल और नर्मदापुराम संभाग में बूंदाबांदी होने की संभावना जताई गई है।

**एक साथ कई मौसम प्रणालियां सक्रिय**

एमपी मौसम विभाग की मानें वर्तमान में दक्षिणी पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर चक्रवाती हवाओं का घेरा बना हुआ है, वहीं दक्षिण गुजरात से दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश तक एक द्रोणिका गुजर रही है। हरियाणा के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इन मौसम प्रणालियों के चलते प्रदेश में सर्द हवाएं और अरब सागर से वातावरण में नमी आ रही हैं और बारिश के साथ कोहरे देखने को मिल रहा है । आने वाले दो-तीन दिनों तक मौसम यूही बना रहेगा, इस दौरान बारिश, कोहरे और तेज ठंड का दौर जारी रहेगा।

एमपी मौसम विभाग के मुताबिक 8 से 10 जनवरी के बीच उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा। इसके कारण अरब सागर में चक्रवाती हवाओं के घेरा बनेगा, जिससे इंदौर में अगले 2-3 दिन तक बादलों के साथ हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है।रविवार को भोपाल संभाग में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।आठ जनवरी को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में आने के बाद मौसम का मिजाज बदलने लगेगा।पश्चिमी विक्षोभ का असर ग्वालियर-चंबल अंचल में भी दिखाई देगा। रविवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में वर्षा हो सकती है।

# छपारा में श्रीमद भागवत कथा यज्ञ एवं सवा लाख शिवलिंग रुद्री निर्माण अभिषेक का आयोजन

## सोमवार 8 जनवरी से 15 जनवरी मकर संक्रांति पर्व तक धर्म की बहेगी गंगा



छपारा यशोः- यूं तो नगर मै वर्ष भर कोई ना कोई धार्मिक आयोजन होते ही रहते हैं किंतु विगत दस पन्द्रह वर्षो से नए साल की शुरुआत भागवत कथा के आयोजन से हो रही हैं। सार्वजनिक रूप से बैनगंगा नदी तट के लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने मैदान में होने वाले इस भागवत कथा का आयोजन नगर के वंशकार समाज के द्वारा बड़ी ही शिद्दत से किया जाता हैं।

ज्ञात हो कि इस वर्ष भी यह कथा बरसाना से पधारे कन्हैया महाराज के मुखार बिंद से 8जनवरी से लेकर मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी तक आयोजित होने ही।

समिति के सदस्य मुकेश कुमार एवम श्याम बाबा द्वारा बताया गया है बैनगंगा तट के किनारे विगत कई वर्षो से सार्वजनिक संगीतमय भागवत पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी बरसाना से पधारे कन्हैया महाराज के सानिध्य में कथा कही जाना है वही सवा लाख रुद्री निर्माण शिवलिंग का अभिषेक साथ ही अंतिम दिवस हवन पूजन के साथ मां बैनगंगा मैं दीपदान किया जाएगा साथ सार्वजनिक रूप से भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

वही प्रतिदिन सुबह 8आठ बजे से रुद्री निर्माण अभिषेक पूजन एवम दोपहर 1बजे से 5बजे तक श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जाना है ।

# पेंच नेशनल पार्क में आज से राज्य स्तरीय मोगली बाल महोत्सव

**52 जिले के छात्र और शिक्षक पहुचेंगे**



सिवनी यशोः- पेंच नेशनल पार्क में राज्य स्तरीय मोगली बाल महोत्सव 8 से 10 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। रविवार को प्रदेश के 52 जिलों से विद्यार्थियों व शिक्षकों के सिवनी पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। सभी बच्चों को छिंदवाड़ा चौक स्थित माडर्न नर्सरी स्कूल में एकत्रित किया जाएगा।

**17 वर्षो से मोगली बाल उत्सव का आयोजन**

पेंच टाइगर रिजर्व के ओलिव रिसोर्ट से बच्चों की जिप्सी को हरी झंडी दिखाकर जंगल सफारी पर रवाना कर तीन दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा। 52 जिलों से दो-दो छात्र, दो-दो छात्राओं के अलावा एक-एक शिक्षक की उपस्थिति रहेगी। बता दें कि पेंच टाइगर रिजर्व में 17 वर्षो से मोगली बाल उत्सव का आयोजन हो रहा है।

**'द जंगल बुक'**

उल्लेखनीय है कि पेंच टाइगर रिजर्व को मोगली की जन्मभूमि माना जाता है। प्रसिद्ध अंग्रेज साहित्यकार रूडयार्ड किपलिंग ने 1893 में 'द जंगल बुक' में मोगली दंतकथा की रचना की थी। इसमें मध्य भारत की भूमि सिवनी के जंगलों में मोगली नाम का बालक भेड़िया, बघीरा (काला चीता), शेर खान (बाघ), भालू, सांप, हाथी व अन्य के साथ रहता था। पूरे विश्व में लाखों बच्चे मोगली व उसके जंगली मित्रों की दंतकथा से मंत्रमुग्ध रहते हैं। जंगल बुक पुस्तक व वाल्ट डिजनी ने इसे कार्टून शृंखला में भी प्रदर्शित किया था, जो बच्चों में खासा लोकप्रिय रहा।

# प्रदेश में नागरिकों को सुशासन देने के लिये अनेक सुविधाएँ

भोपाल । प्रदेश में नागरिकों को सुशासन देने केलिये राज्य सरकार ने अनेक सुविधाएँ दी हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इन सेवाओं में सीएम हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, सीएम जनसेवा और दिव्यांग हेल्पलाइन प्रमुख हैं।

**सीएम हेल्पलाइन 181 कॉल सेंटर**

राज्य सरकार ने प्रदेश के नागरिकों के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 संचालित की है। कॉल सेंटर के माध्यम से नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी, शिकायत और सुझाव हेतु संपर्क किया जाता है। अब तक सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से करीब 3 करोड़ शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। जन सामान्य में नागरिकों की समस्या के निराकरण के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 काफी लोकप्रिय हुई है।

**महिला हेल्पलाइन**

प्रदेश में महिला उत्पीड़न से बचाव के लिये महिला हेल्पलाइन का संचालन भी किया जा रहा है। महिला हेल्पलाइन के संचालन के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 से एकीकरण किया गया है। महिला हेल्पलाइन में महिलाओं से संबंधित अपराधों और समस्याओं में महिला की काउंसलिंग कर तत्काल राहत पहुँचाई जा रही है। महिला हेल्पलाइन के माध्यम से अब तक करीब 60 हजार 800 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है।

**सीएम जन सेवा**

सीएम जनसेवा का शुभारंभ प्रदेश में लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया था। इसका संचालन भी 181 के माध्यम से किया जा रहा है। सीएम जन सेवा के माध्यम से 7 प्रमुख सेवाएँ, इनमें स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, चालू खसरा की प्रतिलिपि, खतौनी की प्रतिलिपि, चालू ने शा की प्रतिलिपि, भू-अधिकार पुस्तिका की प्रतिलिपि और स्पेसिमेन कॉपी (खसरा, खतौनी एवं ने शा) टोल-फ्री नंबर 181 पर एक कॉल पर SMS/Whatsapp एप के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। सीएम जन सेवा की स्थापना के बाद से अब तक 3 लाख 90 हजार आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

**दिव्यांग हेल्पलाइन**

प्रदेश में दिव्यांगजनों की समस्याओं के तेजी से निराकरण किये जाने के मकसद से फरवरी 2023 में दिव्यांग हेल्पलाइन प्रारंभ की गई है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से अब तक करीब 12 हजार 400 समस्याओं का निराकरण किया जा चुका है। यह हेल्पलाइन 181 से ही जुड़ी हुई है। यह सभी सेवाएँ लोक सेवा प्रबंधन द्वारा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही है।

# पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना तीर्थ यात्रा कराने के समान -उप मु यमंत्री देवड़ा

## उप मु यमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुए शामिल



भोपाल । उप मु यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर के ग्राम ढिकनिया एवं बाबूखेडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कहा कि गरीब एवं पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना तीर्थ यात्रा करवाने के समान है। हर कमजोर व्यक्ति का ध्यान सरकार रखती है और प्रदेश सरकार हरसंभव मदद कर रही है।

उप मु यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हर परिवार को शुद्ध पानी मिले, इसके लिए जल जीवन मिशन बनाया गया। इस मिशन से घर-घर में नल से पानी मिलेगा। आयुष्मान कार्ड बनवाया गया जिससे बीमार व्यक्ति कहीं पर भी अपना फ्री में इलाज करवा सकता है। सरकार ने हर मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति की है। प्रधानमंत्री उज्जवला गैस कने शन के माध्यम से महिलाओं के आंसू पोंछने का काम सरकार ने किया है। ऐसी एक नहीं अनेकों योजनाएं सरकार ने बनवाई है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु के स्थान पर पहुंचने के लिए हम सभी को प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही सभी लोग स्वच्छ भारत बनाने में सहयोग प्रदान करें। साफ सफाई में किसी भी तरह का संकोच न करें।

देवड़ा ने जनपद सीईओ को निर्देश देते हुए कहा कि शिविर से पहले गांव में मुनादी करवाए। शिविर के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। यात्रा के दौरान आयोजित शिविर में पात्र व्यक्ति आवेदन करें। आवेदन का तुरंत मौके पर निराकरण किया जा रहा है। शिविर में मौजूद जि मेदार अधिकारी जितने भी पात्र व्यक्ति की आवेदन आए हैं उनको लाभ प्रदान करे। कार्यक्रम के अंत में हितग्राहियों को उप मु यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

# नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और मानवीय मूल्यों की स्थापना पर केंद्रित है - मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## हमारी सनातन संस्कृति गुरू और गुरूकुल दोनों की महिमा बताती है

**मु यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी रामदेव को मध्यप्रदेश में गुरूकुल व आश्रम स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया मु यमंत्री डॉ. यादव हरिद्वार में पतंजलि गुरूकुलम् एवं आचार्यकुलम शिलान्यास समारोह में हुए शामिल**



भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी युगों में हमारे देश में शिक्षा-दीक्षा को बहुत महत्व प्रदान किया गया। आज से 5 हजार साल पहले भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बाल रूप में कंस जैसी महाशक्ति का पराभव करने के बाद भी तत्कालीन समाज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा-दीक्षा होना चाहिए। परिणामस्वरूप श्रीकृष्ण उज्जैन स्थित आचार्य सांदीपिनी आश्रम पधारे। तत्कालीन शिक्षा व्यवस्था 14 विद्या, 64 कला से परिपूर्ण थी। प्रत्येक शिष्य का सर्वांगीण विकास और उनमें मानवीयता के उत्कृष्ट मापदंडों की पुनर्स्थापना करना इस व्यवस्था का उद्देश्य था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में क्रियान्वित हो रही नई शिक्षा नीति भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और मानवीय मूल्यों की स्थापना पर केन्द्रित है। मु यमंत्री डॉ. यादव हरिद्वार में पतंजलि गुरूकुलम् एवं आचार्यकुलम् के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**मध्यप्रदेश भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली के रूप में भी जाना जाता है**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति गुरू और गुरूकुल दोनों की महिमा बताती है। त्रेता युग में भगवान श्रीराम और द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने गुरूकुल में अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। हमारा यह सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली के रूप में भी जाना जाता है। योगगुरू स्वामी रामदेव ने हरिद्वार में पतंजलि गुरूकुलम् एवं आचार्यकुलम् की स्थापना से इस पुण्य धरा को शिक्षा से जोड़ने का पुनीत कार्य किया है। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योगगुरु स्वामी रामदेव को इस प्रकल्प के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्जैन या प्रदेश के अन्य किसी उपयुक्त स्थल पर गुरूकुल व आश्रम स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया।

**21वीं शताब्दी भारत के उत्कर्ष की शताब्दी है**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि 21वीं शताब्दी भारत के उत्कर्ष की शताब्दी होगी और उत्कर्ष के यह लक्षण दिखाई देने लगे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का यश स पूर्ण विश्व में स्थापित हुआ है। योग गुरू स्वामी रामदेव जी महाराज ने भारतीय संस्कृति की महत्ता को विश्व में स्थापित करते हुए भारतीय दर्शन व चिंतन में विश्वास की पुनर्स्थापना की है। स्वामी दयानंद जी ने 200 साल पहले जो अलख जगाया और स्वामी दर्शनानंद जी महाराज ने गुरूकुलों के माध्यम से जिन मूल्यों और विचारों का प्रसार किया, उन सबको नई शिक्षा नीति में स मिलित किया गया है। भगवान श्रीराम व भगवान श्रीकृष्ण के अलग-अलग दृष्टांतों को जोड़कर नई पीढ़ी को उनसे परिचित कराने, देश की संस्कृति को जोड़ने तथा आने वाली पीढ़ियों को मानवता की स्थापना में हरसंभव योगदान देने के लिए प्रेरित करने का नई शिक्षा नीति के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है।

हरिद्वार में पतंजलि गुरूकुलम् एवं आचार्यकुलम् शिलान्यास समारोह में रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, उत्तराखंड के मु यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन मेघवाल, राज्यसभा सांसद श्री सुधांशु त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

## हर माह की 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर होगा

मंडला यशोः- प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता एवं कव्हरेज को बढ़ावा देने तथा हाईरिस्क महिलाओं की जांच, निदान एवं परामर्श सेवाएं के कव्हरेज में सुधार की दृष्टि से प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख (अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस) को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जाता है।

इस संबंध में मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा महिला चिकित्सकों की स्वास्थ्य केन्द्रवार ड्यूटी लगाते हुए संबंधितों को निर्धारित तिथियों में आवंटित संस्था में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, एचआरपी लीनिक का आयोजन कर समस्त गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच एवं उपचार करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रत्येक बैगा तक पहुंचकर उन्हें योजनाओं से आच्छादित करें - डॉ. सिडाना

## कले टर ने किया पीएम जनमन अभियान के तहत शिविरों का अवलोकन

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के तहत बिछिया विकासखंड के ग्राम मांद तथा बंजी में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंयने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक बैगा परिवार तक पहुंच करें तथा वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित करें। कोई भी बैगा शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस दौरान कले टर ने शिविर में किए गए पंजीयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा बैगाओं को योजना से संबंधित ब्रोसर प्रदान किया।कलें टर ने निर्देशित किया कि प्रत्येक बैगा का जाति प्रमाण पत्र तथा आधार



कार्ड बनवाने की कार्यवाही जल्द पूर्ण करें तथा 15 जनवरी तक सभी बैगाओं को आयुष्मान, जनधन खाता, पात्राता पर्ची, किसान स मान निधि, वनभूमि पट्टा, आहार अनुदान आदि योजनाओं से आच्छादित करें। आवश्यकतानुसार लोकसेवा केन्द्रों का भी सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने बैगाओं को सिकलसेल बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए सभी को जांच कराने के लिए प्रेरित किया। आयोजित शिविर में 9 हितग्राहियों के आधार कार्ड, 4 लोगों के जाति प्रमाण पत्र, 7 लोगों के आयुष्मान कार्ड, 12 के जनधन खाते, 5 के पात्रता पर्ची, 2 हितग्राहियों के किसान स मान निधि तथा 3 महिलाओं के आहार अनुदान से संबंधित कार्यवाहियां की गई। इस दौरान एसडीएम बिछिया सर्जना यादव, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**छविलाल को मिलेगा किसान स मान निधि का लाभ**

मांद में आयोजित शिविर में छविलाल ने कले टर को बताया कि आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण उसे प्रधानमंत्री किसान स मान निधि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिविर में ही छविलाल के आधार को अपडेट करने की कार्यवाही की गई। कले टर डॉ. सिडाना ने उपस्थित लोगों को बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड का अपडेट होना जरूरी है। डॉ. सिडाना ने बैगा परिवारों से प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली।

**हर घर में टोंटी लगाएं, सड़क की मर मत करें**

भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ग्राम बंजी में नलजल योजना की पाइपलाईन टूटी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घरों में टोंटी लगाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार बंजी की सड़क को सुधारने के निर्देश दिए। इस दौरान कलें टर ने स्कूल, आंगनवाड़ी, मध्यान्ह भोजन, स्व सहायता समूहों की आर्थिक गतिविधियां आदि के संबंध में भी जानकारी ली।

## 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

मंडला यशोः-25 जनवरी 2024 को मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये जिला स्तर एवं मतदान केंद्र स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाना है। समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त मतदान केंद्रों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम समारोहपूर्वक आयोजित कराते हुए फोटो सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खनिज के अवैध परिवहन करते 2 वाहन जब्त



मंडला यशोः- खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कले टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरुद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी परिपेक्ष्य में तहसील मण्डला अन्तर्गत महाराजपुर एवं ब हनी क्षेत्र का 4 जनवरी 2024 को खनिज रेत एवं गिटटी के अवैध परिवहन, भण्डारण में संलिप्त एक वाहन न्यू पावर ट्रे टर जिसका चेचिस क्रमांक टी 053515232 एचजे एवं वाहन ड फर क्रमांक एमपी 51 जी 0511 को खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। इसी प्रकार 5 जनवरी 2024 को तहसील बिछिया अन्तर्गत ग्राम सिझौरा में एक वाहन ट्रे टर स्वराज बिना नंबर जिसका चे.नं. डब्ल्यूव्हीसीएच 30405045706 को अवैध परिवहन के दौरान जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना महाराजपुर, थाना ब हनी एवं थाना बिछिया की सुपुर्दगी में दिया गया।

## दो दिवसीय बी.सी. सखी का रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम स पन्न

मंडला यशोः- सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट आरसेटी) मंडला द्वारा 2 दिवसीय बी.सी. सखी का रिफ्रेशर प्रशिक्षण 4 से 5 जनवरी तक प्रदान किया गया जिसमें पूर्व में संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त बी.सी. सखी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं अपने अनुभव को साझा किया तथा कार्य में आने वाली समस्याओं तथा निराकरण की चर्चा की गई। साथ ही बैंकिंग वित्त संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में आर सेटी निर्देशक राजेश रॉय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी एवं सफलतापूर्वक कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

## पीएम जनमन अभियान के तहत 11 स्थानों पर लगे शिविर



मंडला यशोः- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। 6 जनवरी को 11 ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित किए गए जिनमें बैगाओं को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पात्रता पर्ची, मु त राशन, उज्ज्वला योजना, पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं से आच्छादित करने की कार्यवाही की गई। शिविरों के दौरान सिकलसेल एनीमिया की जांच की गई तथा दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं के लिए हितग्राहियों का चयन किया गया। शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

मंडला यशोः- अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंडला ने ग्राम घाघा निवासी अनन्या वरकड़े की 25 सितंबर 2022 को पानी में डूबने से मुत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पिता विनोद कुमार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की है।

## हसदेव जंगल बचाओ - इनर वॉइस सोसायटी

मंडला यशोः- छत्तीसगढ़ के सरगूजा ज़िले में हसदेव जंगल जो लगभग 1,70,000 वर्ग स्क्वेयर फीट में फैला है। इस जंगल पर सामान्य कोयला से अधिक बेसकीमती कोयला पाये जाने का अनुमान है। सरकार ने इस जंगल को काटकर कोयला खदान बनाने का आदेश दिया है। इस जंगल पर सरकारी आंकड़े में लगभग 2.5 लाख वृक्षों को काटा जाना है और पता नहीं इससे अधिक कितने वृक्षों की कटाई होगी। इस जंगल में लगभग 10,000 आदिवासी व्यक्ति निवास करते हैं। अनेकों पशु,जीव जंतु, जड़ी बूटी पायी जाती हैं। एक खोज में पाया गया कि जो तितली विश्व से लुप्त हो गई वो इस जंगल पर हैं कटाई के बाद यह भी समाप्त हो जायेंगे। एक जंगल का कटना किसी व्यक्ति,समुदाय , प्रदेश ही नहीं स पूर्ण जीव जगत के लिए हानिकारक है। पृथ्वी का तापमान गर्मियों में 50°C हो जाता है अगर ये जंगल कटे तो भविष्य सुरक्षित नहीं है । माना कि कोयला प्राप्त देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग करेगी जिससे विकास होगा लेकिन प्रकृति का विनाश करके विकास पाना असल में विकास नहीं है। दिनांक 06 जनवरी 2024 को ÷इनर वॉइस सोसायटी÷ मण्डला के सदस्यों ने एक शांत रैली कर जनमानस को सचेत कराया कि वह भी हसदेव जंगल को कटने से बचने के लिए आवाज उठायें और इस रैली से सरकार से आग्रह भी किया कि ऐंसा विकास हमें नहीं चाहिए। सरकार को चेतावनी भी दिया कि अगर यह आदेश वापस नहीं लिया जाता तो भविष्य में उग्र व बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे। सोसायटी के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष ललित कुशराम ने बताया कि अभी एक छोटी शुरूआत है प्रकृति के संरक्षण के लिए आगे जरूरत पड़ी तो हर संभव आंदोलन सोसायटी द्वारा जनहित, प्रकृति हित में किया जायेगा। हम प्रकृति को ईश्वर मानते हैं जल ,वायु, पृथ्वी,भूमि को हमने वंदनीय माना है इसलिए इनकी रक्षा प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। इस आंदोलन में शहर के प्रकृति प्रेमी व सोसायटी के सभी सदस्य शहर के मु य मार्गो से होते हुए अपने हाथों में ÷हसदेव बचाओ÷ नारे की त ती लिए रेवांचल पार्क रपटा में समापन किये । रेवांचल पार्क में सभी अपने सुझाव व विचार रखकर इस आंदोलन को आगे बढ़ाने की रूपरेखा बनायी। पूरे आंदोलन में सामाजिक कार्यकर्ता पी.डी. खैरवार भी उपस्थित रहकर सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दिये व जल ,जंगल ,जमीन की लड़ाई में हर संभव मदद का आश्वासन दिया । सोसायटी के सचिव नवीन झारिया ने रैली में उपस्थित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

## प्राग्रेसिव्ह पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी बैठक आयोजित



मंडला यशोः- प्रोग्रेसिव्ह पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा मण्डला के कोषाध्यक्ष एस.एन.अली के निर्देशन में जिला कार्यकारिणी बैठक का आयोजन शिक्षा सदन में संरक्षक जगदीश तिवारी व संभागीय सचिव बी.एल. बरकड़े के मु य आतिथ्य, जिला अध्यक्ष व उपप्रांताध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सुरेष्वर व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. गोपाल कुशवाहा, के विषिष्ट आतिथ्य में हुआ।

मंच का संचालन विनोद सुरेश्वर के द्वारा किया गया। सुरेश्वर जी ने 30 जून को सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों, फरवरी के द्वतीय सप्ताह में वार्षिकोत्सव आयोजन व 29 जनवरी को प्रांताध्यक्ष के चुनाव हेतु विभिन्न इकाई से जाने वाले पेंशनरों संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन को आमंत्रित किया। अध्यक्ष ने बिन्दुवार अपनी बात रखी, 30 जून को सेवानिवृत्त कर्मचारियों में से 48 कर्मचारियों के प्रकरण उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा 01 जुलाई को एक वेतनवृद्धी स्वीकृत कर पुनरीक्षित पी.पी.ओ. जारी करने के आदेष पारित किये गये। 8 प्रकरण लंबित हैं तथा 9 नवीन प्रकरण एडवोकेट को सौंपा जाना है।

फरवरी के द्वतीय सप्ताह में आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की गई। भोपाल, जबलपुर, बालाघाट, डिण्डौरी, दमोह के जिला अध्यक्षों को आमंत्रित करने तथा जिले की 20 इकाई से 15-20 पेंशनरों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। वार्षिकोत्सव में होने वाले व्यय के लिए प्रत्येक इकाई ने सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। 29 जनवरी को प्रांताध्यक्ष चुनाव हेतु 15 इकाईयों में से दो-दो पेंशनरों ने अपनी सहमति प्रदान की। नवागत पेंशनरों को स मानित किया गया। कार्यक्रम के मध्य में भारतीय स्टेट बैंक मु य शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक हेमपुष्प तथा आयुर्वेद के प्रखरज्ञाता डॉ. हर्ष करमहे का आगमन हुआ। दोनों का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। श्री हेमपुष्प ने अपने उद्बोधन द्वारा बैंक से प्राप्त होने वाले ऋणों संबंधी जानकारी से अवगत कराया तथा पेंशनरों को स्टेट बैंक में होने वाली असुविधा के लिए सीधे उनसे संपर्क स्थापित करने की बात कही। डॉ. करमहे ने ठंड के मौसम में सर्दी खासी से होने वाली जटिताओं के बारे में अवगत कराया उन्होंने पेंशनरों के लिए एक स्वास्थ्य के प लगाने का आश्वासन दिया।

इस कार्यक्रम में अध्यक्ष निवास एन.के. परोंहा, अध्यक्ष घुघरी सी.एल. भलावी, मण्डला तहसील अध्यक्ष नागेन्द्रनाथ चौरसिया, सिझौरा अध्यक्ष दषरथ लाल उइके, अंजनिया अध्यक्ष बी.आर. यादव, रामनगर अध्यक्ष आयोध्या प्रसाद ठाकुर, चाबी अध्यक्ष आशाराम श्याम, टिकरवारा अध्यक्ष सुभाष पटेल, सालीवाड़ा अध्यक्ष सुदामा प्रसाद राय, नारायणगंज अध्यक्ष वृंदावन दुबे, बीजाडांड़ी अध्यक्ष आर.पी. तिवारी, संयुक्त सचिव फूलचंद टांडेश्वर, उपाध्यक्ष द्वय अब्दुलें यूम खान, महेश पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, अजय कुमार कांड्रा, अशोक ठाकुर तथ महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सावित्री साण्डया उपाध्यक्ष हेमलता पटेल तथा अनेकों पेंशनरों की गरिमामय उपस्थिती रही।

# सिलपुरा में पदस्थ प्राचार्य की शिकायत को दबाया सहायक आयुक्त ने

**.गंभीर आरोप के बाद भी नही करा रहे जांच**




मण्डला यशोः- लंबे समय से हाई स्कूल सिलपुरा में पदस्थ प्राचार्य हटाने श्रवण कुमार जाटव को हटाने की मांग की जा रही है। जिसकी शिकायत प्राथमिक माध्यमिक और हाईस्कूल के शिक्षकों ने कले टर से और सहायक आयुक्त से की है। लेकिन इस मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। प्राचार्य पर कई गंभीर आरोप लगे हैं लेकिन इस पूरे मामले की सहायक आयुक्त न तो जॉच कराई और न ही बयान आदि लिए कुल मिलाकर अधिकारी मामले को जैसे तैसे दबाना चाहते हैं। शिकायत में उल्लेख है कि महिला शिक्षकों से अभद्र व्यवहार प्राचार्य द्वारा महिला शिक्षकों के प्रति ऊंची आवाज में अन्य शिक्षकों के समक्ष उनकी टिप्पणी की जाती है उनसे किसी भी बात पर जोर से चिल्लाकर गुलामों की तरह व्यव्हार करने की कोशिश की जाती है। समय पर आने और समय अंकित करने वालों के 1 या 2 मिनट देरी को हरे पेन से चिन्हित किया जाता है जबकि देर से जाने वालों से समय अंकित नहीं कराते हुए उन्हें सही साबित करने की कोशिश की जाती है। पक्षपातपूर्ण व्यवहार प्राचार्य द्वारा प्रतिदिन लगन से कार्य करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं से कोई न कोई विवाद करने का प्रयास किया जाता है जबकि प्राचार्य दो शिक्षक शीश कुमार कुशराम और शिक्षिका श्रीमती नुजहत अंजुम को देर से आने की छूट दी जाती है उनके अंकित होने पर उसके ऊपर हस्ताक्षर कराते हुए छुट्टियों की सं या को पटाया गया है जिसकी पुष्टि शिक्षक उपस्थिति पंजी से की जा सकती है और विद्यार्थियों से या गाँव बालों से भी पूछा जा सकता है कि कौन प्रतिदिन देर से आते हैं या कभी भी प्रार्थना में स मिलित नहीं होते या कक्षा में मोबाइल चलाती रहती हैं। यहाँ तक कि उक्त शिक्षिका स्थानीय और बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में भी 40 मिनट देर से पहुँचती है किन्तु प्राचार्य द्वारा ड्यूटी बदल दी जाती है इसकी परीक्षा पंजी से पुष्टि की जा सकती है यहीं दूसरी और अन्य महिला शिक्षिकाओं को छुट्टियों की सं या को लेकर कारण बताओ सूचना देने की धमकी दी जाती और प्राचार्य द्वारा कहा जाता है कि ये मेरा विशेष अधिकार है में जिसे चाहे सुविधा हूँ आप लोगों को बोलने का कोई अधिकार नहीं है। साथ ही शिक्षिका विशेष के प्रभार की दूसरी शिक्षिकाओं को देते हैं और कह देते हैं उन्हें इस कार्य में दिलचस्पी नहीं है आप लोग कर लें इसकी पुष्टि भी सूचना पंजी और प्रभार पंजी से की जा सकती है। माह दिस बर वर्ष 2021 में तत्कालीन उच्च श्रेणी शिक्षक प्रकाश दुबे द्वारा पंचायत आचार संहिता के दौरान सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत कराते हुए एक दिवस का अवकाश लेने पर उन बुजुर्ग के लिए कामचोर, हरामखोर जैसे शब्दों का प्रयोग प्राचार्य किया गया उसी समय तत्कालीन उच्च श्रेणी शिक्षक सुरेश चौबे द्वारा पंचायत आचार संहिता के दौरान शाम को 1 घंटे का अवकाश मांगने पर मना कर दिया गया जबकि उसी दौरान शिक्षिका श्रीमती नुजहत अंजुम को लगातार 3 दिवस प्रतिदिन 2 कालखंड के बाद जाने की अनुमति दी गयी साथ ही 15 दिस बर से 30 दिस बर के मध्य पंचायत आचार संहिता के दौरान सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत कराये बिना ही लगातार 2 दिवस का अवकाश दिया गया और बाद में हस्ताक्षर करा लिए गए जिसकी पुष्टि विभिन्न अभिलेख से की जा सकती है। उक्त पक्षपात पूर्ण व्यवहार से परेशान होकर ही दोनों शिक्षक स्थानांतरण कराते हुए चले गए। इसके अतिरिक्त विजेंद्र मरावी प्राथमिक शिक्षक की धर्म माता के निधन पर आचार संहिता का हवाला देकर 1 दिन का अवकाश देने हेतु उसे सहायक आयुक्त कार्यालय भेजा गया जहाँ स्थानीय स्तर से स्वीकृति कराएं मात्र 1 दिन का है कहा गया फिर उक्त शिक्षक जिला निर्वाचन कार्यालय भी गया जहाँ से प्राचार्य को फोन कर 1 दिन का अवकाश स्थानीय स्तर से स्वीकृत करने कहा गया उन्होंने हामी भी भर दी किन्तु आज दिनांक तक भी वह कालम रिक्त रखा गया है जो समझ से परे है। अतिथि शिक्षक नियुक्ति में अनियमितता प्राचार्य द्वारा प्राथमिक विद्यालय में 1 जुलाई 2023 को स्तानांतरण प्रमाण पत्र जारी करने के बाद 60 की दर्ज सं या होने पर भी 14 जुलाई 2023 को बैठक में चिल्लाकर दबाव बनाकर 61 दर्ज सं या लिखा कर विगत वर्ष से कार्यरत श्रीमती सीमा चौधरी निवासी पुरवा को अनावश्यक रूप से नियुक्ति देकर शासकीय राशि का दुरपयोग किया जा रहा है जबकि दर्ज सं या के अनुसार दो नियमित शिक्षक कार्यरत हैं। माध्यमिक विभाग में भी गणित विषय के रिक्त पद के विरुद्ध आमंत्रित आवेदन से बने पेनल में अनुभवी बीएड धारक अ यर्थियों के होने के बावजूद अपने अ यर्थी जो डीएड धारक हैं को स्कोर के आधार पर नियुक्ति दी गयी उक्त शिक्षिका श्रीमती आयशा खान द्वारा बच्चों को ठीक से नहीं पढ़ाया जा रहा है और बहुत ज्यादा अवकाश भी लिया जाता है इसकी पुष्टि माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों से और अतिथि शिक्षक पंजी से की जा सकती है। नामांकन एवं बोर्ड शुल्क में अनियमितता प्राचार्य द्वारा विगत 5 वर्षो से नामांकन हेतु अतिरिक्त राशि भी जाती है जो कक्षा शिक्षकों ने बिना पावती दिए की जाती है बाद में शेष राशि के स बन्ध में कोई पता नहीं रहता। इसी प्रकार 10 वीं बोर्ड में शुल्क छूट हेतु पात्र गरीब आदिवासी विद्यार्थियों में 100 की राशि पोर्टल व्यय के नाम पर कक्षा शिक्षकों से बिना पावती दिए भी जानी है जिसमे में अधिकतम 35 या 50 रूपये ही व्यय होता है शेष राशि का कोई हिसाब नहीं है।

## 9 जनवरी तक चलेगी श्रीमद्भागवत पुराण

मंडला यशोः- नववर्ष के उपलक्ष्य में स्वामी सीताराम वार्ड के डिंडौरी नाका के पास संगीतमय श्रीमद्भागवत पुराण का आयोजन 1 जनवरी से 9 जनवरी तक चल रही है कथावाचक पं. फूलचंद तिवारी सिलगी वाले के मुखारबिंद से कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार की कथा सुनाइ गई। कथा वाचक पं फूलचंद तिवारी ने कहा कि दैत्यों का राजा बलि बड़ा पराक्रमी राजा था। उसने तीनों लोकों पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया। उसकी शक्ति से घबराकर सभी देवता भगवान वामन के पास पहुंचे तब भगवान विष्णु ने अदिति और कश्यप के यहां जन्म लिया। एक समय वामन रूप में विराजमान भगवान विष्णु राजा बलि के यहां पहुंचे उस समय राजा बलि यज्ञ कर रहे थे। बलि से उन्होंने दान मांगा, बलि ने कहा ले लीजिए। वामन ने कहा मुझे तीन पग धरती चाहिए। दैत्यगुरु भगवान की महिमा जान गए। उन्होंने बलि को दान का संकल्प लेने से मना कर दिया। लेकिन बलि ने कहा यदि ये भगवान हैं तो भी मैं इन्हें खाली हाथ नहीं जाने दे सकता। भगवान वामन ने अपने विराट स्वरूप से एक पग में बलि का राज्य नाप लिया एक पैर से स्वर्ग का राज नाप लिया। बलि के पास कुछ भी नहीं बचा। तब भगवान ने कहा तीसरा पग कहां रखूं। बलि ने कहा मेरे मस्तक पर रख दीजिए। जैसे ही भगवान ने उसके ऊपर पग धरा राजा बलि पाताल में चले गए। भगवान ने बलि को पाताल का राजा बना दिया। सतयुग में बलि ने स्वर्ग में अधिकार कर लिया। सभी देवता इस विपत्ति से मुक्ति पाने के लिए भगवान विष्णु के पास गए। तब भगवान विष्णु ने देवताओ से कहा की में स्वयं देवमाता अदिति के गर्भ से जन्म लेकर तुहे स्वर्ग का राज्य दिलाऊंगा। कुछ समय पश्चात भाद्रपद शु ल द्वादशी को भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में जन्म लिया। इधर, दैत्यराज बलि ने अपने गुरु के साथ दीर्घकाल तक चलने वाले यज्ञ का आयोजन किया। बलि के इस महायज्ञ में ब्रह्मचारी वामन जी भी गए। दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने अपने तपो बल से उन्हें पहचान लिया। संगीतमय कथा का आयोजन महिला मंडल के द्वारा आयोजित की गई है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297